Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan

Vol - 7 # Issue - 1

News Letter

January 2017 to March 2017

# Parivartan

1. महिला सशक्तिकरण :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान अब तक 24 वर्षो से सफलतापूर्वक महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है। राजस्थान समग्र कल्याण संसथान का मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड कर उनको आत्म निर्भर बना कर नारीशक्ति को बनाना है। नारी सशक्तिकरण कि दिशा में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा अनेको कार्य किये जा रहा है जो कि निम्न है –



1.1 स्वयं सहायता समूह :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ग्रामीण व जरूरतमंद महिलाओं को खुद का स्वरोजगार खोलने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के सहायोग से आर्थिक मदद करती है और उनके कम ब्याज दर पर लोन करती हैं अजमेर शहर व पीसांगन ब्लॉक के 22 गांव में महिलाओं को 41 समूह का गठन किया गया। कुल 455 महिलाओं को 1 करोड से अधिक का ऋण दिलाया जिसमें प्रत्येक महिला को लगभग 15000 का ऋण राशि मिली। महिलाऐं बेहद खुश है क्योंकि अब वह खुद का रोजगार कर रही है। बहुत सी महिलाओं ने बकरी पालन परचुनी की दुकान, चुडी की दुकान, चप्पल का ब्यापार आदि खोल लिया है जिसमें उनको मुनाफा हो रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कार्यकर्ता, समय समय पर जा कर प्रत्येक समूह की मासिक बैठक लेते है और उनसे विचार विमर्श करते है और साथ ही उनको अन्य सरकारी योजना का भी ज्ञान देते है।



1.2 हिंसा उन्मुलन कार्यक्रम :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान महिला हिंसा व अत्याचार के विरूद्ध प्रभावी रूप से सकिय हो कर कार्य कर रही है। पीसांगन ब्लॉक के 6 गॉव में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कार्यकर्ता द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 275 महिलाओं ने बढ चढ कर अपनी सहमागिता निभाई। गॉव लामाना, अर्जुनपुरा, भांवता, केसरपुरा आदि गॉवों में पब्लिक रैली के माध्यम से जनसमुदाय को महिला हिंसा रोकने का संदेश दिया गया।



Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
Parivartan








ग्रामीण स्कुलों में पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लडकियों को जागरूक किया। इस पोस्टर प्रतियोगिता का विषय महिला हिंसा, कन्या भ्रुण हत्या, बेटी बचाओं, दहेज प्रथा, लैगिक समानता आदि थे। समय समय पर संस्थान द्वारा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से भी जन समुदाय को महिला हिंसा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। जिसमें संस्थान को प्रबल जन भागिदारी देखने को मिली है।

## 2. सतत् आजीविका :–

संस्थान द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए स्वरोजगार व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे है। अर्जुनपुरा गॉव कि महिलाओं को घर बैठे स्वयं का रोजगार खोलने के लिए उनको रेडिमेड गारमेन्ट का प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया। 5 माह के इस प्रशिक्षण में 30 महिलाओं को सिलाई की विभिन्न कला व परिधान सिखाये जा रहे है। इसी प्रकार गॉव राजगढ में गरीब वर्ग की महिलाओं को डिजाईनर व फैन्सी बैग कि ट्रेनिंग चलाई गई जिसमें महिलाओं ने भिन्न – भिन्न डिजाईन के फेन्सी बैग बनाना सिखे। अजमेर शहर के झुग्गी बस्ती क्षेत्र "बैरवा बस्ती" की जरूरतमंद महिलाओं को एडवांस ब्यूटि पार्लर कोर्स खोला गया जिसमें महिलाओं को सुन्दर बनाने के गुर सिखाये गये। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा सुनहरी पहल करते हुए गांव केसरपुरा में पुरूषें को रोजगार देने के लिए 25 पुरूषों को इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण दि गई। ये प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संस्थान द्वारा चलाई जा रही है। सभी व्यवसायिक प्रशिक्षणों में महिलाओं के क्षमता निर्माण के लिए समय समय पर लाईफ स्किल, ईडीपी, जॉब फेरय, प्रदर्शनी, एक्पोजर विजिट और मार्केटिंग के गुण सिखाये जाते है।

## 3. सिलाई मशीन वितरण :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की व शहरी झुग्गी कच्ची बस्ती में रहने वाली 12 गरीब महिलाओं को खुद का रोजगार शुरू करने के लिए 12 सिलाई मशीन बांटी गई। इसके अलावा महिला हिंसा से पीडित, सिंगल वुमन तलाकशुदा को राहत देंगे और आजीविका विकास के लिए 8 महिलाओं सिलाई

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
Parivartan

मशीन बांटी गई। सभी महिलाएँ सिलाई मशीन पा कर बेहद खुश थी और अ बवह खुद का रोजगार कर पर रही है।



## 4.शिक्षा :-

शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहम स्थान रखता है और व्यक्ति के भविष्य निर्माण में सहायता करता है इसी बात को मद्धेनजर रखते हुए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा
शिक्षा के क्षेत्र में उठाये गये कदम निम्न है।

### 4.1 उडान :-

पंचायत समिति पीसांगन के गॉव भांवता व आदर्श ग्राम सराधना में महिला शिक्षा पर जोर देते हुए निरक्षर महिलाओं को "उडान" नाम से महिला स्कूल खोली गई जो कि सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। भांवता व सराधना गॉव कि 15–15 महिलाओं का उद्देश्य संस्थान द्वारा लिया गया। महिलाओं को लिखना, पढना, बोलना आदि सिखाया गया। आज व सभी महिलाऐं दैनिक पत्रिका आसानी से पढती है और हिसाब लगाने में सक्षम है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा माध्यमिक बोर्ड के सहयोग से सभी महिलाओं को निकट भविष्य में 8 वीं कक्षा की परिक्षा दिला कर सफल बनाने का उद्देश्य है जिसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



### 4.2 पाठशाला :-

बच्चों की बेहतर व क्लालिटी एजुकेशन के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने गॉव सराधना व भांवता में "पाठशाला" नाम से स्कूल खोली गई। इस स्कूलों में 30–30 छात्र व छात्राऐं शिक्षा ले रही है सभी बच्चों को नियमित रूप से 3 घण्टें क्वालिटी एजुकेशन दी जाती है और शिक्षा के साथ नैतिकता का पाठ भी पढाया जाता है। समय समय पर बच्चों को दक्षता जॉचने के लिए उनका मौखिक व लिखीत टेस्ट भी लिया जाता है जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार दिया जाता है। बच्चों को शिक्षा में रूचि बनाये रखने के लिए स्कार रूम को ज्ञान वर्धक बैनर और चार्ट से सजाया गया और सभी बच्चों को समय अन्तराल में ज्ञानवर्धक खेल खिलाये जाते है। सभी बच्चे मन लगा कर शिक्षा गृहण कर रहे है।



Rajasthan Integrated Welfare Institute
RSKS
# Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
# Parivartan







### 4.3 शिक्षण सामग्री वितरण :–

बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने निर्धन वर्ग के गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया। परिवार कि आर्थिक तंगि के कारण बच्चों को शिक्षण सामग्री से वंचित हो जाते है अतः राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 100 से अधिक बच्चों को स्कूल बेग, यूनिफॉर्म, जूते, नोट बुक, कलर सेट, स्केल, ज्योमेट्रि, पेंसिल, रबर, ड्रॉईग बुक, बुक आदि का वितरण किया गया। जनवरी माह में कडकडाती ठण्ड से बचाव के लिए हाथ के दस्ताने, टोपे, स्वेटर आदि को भी वितरण संस्थान द्वारा गरीब बच्चों को किया। अंग्रेजी शिक्षा विकास के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने बालिकाओं को इंग्लीश स्पीकिंग बुक का वितरण किया अब सभी लडकिया सरलता से इंग्लीश को पढ व बोल पा रही है।

## 5. स्वास्थ्य :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा पिछले कुछ वर्षो से स्वास्थ्य जैसे विषय पर सफलतापूवर्क कार्य किया जा रहा है जो कि निम्न प्रकार से है।

### 5.1 हमारी आवाज अभियान :–

हमारी आवाज अभियान के अर्न्तगत राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने परिवार नियोजन और सुरक्षित मातृत्व जैसके गंभीर विषयों पर सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। गर्भवती माँ और उसका बच्चा दोनो स्वस्थ रहे इसके लिए उसको नियमित जॉच और बेहतर पोषण का संदेश दिया गया। परिवार नियोजन के अन्तर्गत पुरूषों को जागरूक बनाया और पुरूष नस बन्दी व कंडोम के प्रयोग द्वारा परिवार नियोजिक करने का संदेश दिया।

### 5.2 मच्छर दानी वितरण कार्यक्रम :–

मच्छरों से होने वाली बिमारियॉ आज एक विकराल रूप ले चुकी है अतः राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा कच्ची व झुग्गी बस्ती में रहने वाले गरीब परिवारों को 150 से अधिक मच्छरदानी का वितरण किया गया और साथ ही लोबग अब बहुत खुश है क्योंकि अब वह चेन की मिठी निन्द ले कर सो रहे है और मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित है।

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
Parivartan

### 5.3 सेनेटरी पेड वितरण :–

महिलाओं के स्वास्थ को मद्धेनजर रखते हुए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने महिलाओं को सेनेटरी पेड का वितरण किया। ग्रामीण क्षेत्र व झुग्गी बस्ती में रहने वाली महिलाऐं मासिक धर्म के दौरान कपडा, पेपर, रूई आदि का उपयोग करती है जो कि महिलाओं को स्वास्थ के लिए हानिकारक है और उससे कई बीमारी होने का संकट भी है अतः मासिक धर्म में महिलाओं को सेनेटरी पेढ इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया और सेनेटरी पेढ का वितरण किया गया। सभी महिलाऐं अब बेहद खुश है क्य ोकि वह अब अपने दैनिक कार्य बिना किसी परेशानी के कर पा रही है।



### 5.4 डिसास्टर मैनेजमेंट :–

कडकडाती सर्द ठण्डी रातों में सडक किनारे, फुटपाथ में रहने वाले गरीब परिवारों को ठण्ड से बचाव के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने गरीब परिवारों की 225 गर्म ऊनी कम्बल का वितरण किया गया।



## 6. पर्यावरण व सेनीटेशन :–

पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान समय समय पर कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरनण को सुरक्षित रखने का संदेश देती है। इस विषय पर किये गये काय र्कम निम्न है–

### 6.1 सेव स्पैरों :–

पर्यावरण को सुंदर बनाये रखने में सहयोग करने वाली गौरेया चिडिया की कम होती संख्या को बढाने के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने 22 इको फ्रेंडली घोसले लगाये। मंन्दिरों, पार्क, सडक, किनारे, घरों के आंगन, पेड पर आदि सार्वजनिक स्थानों पर इको फ्रेडली घोसले लगाये गये जिसमें अब गौरेया चिडिया अपना आवास कर रही है और प्रजनन कर संख्या में वृद्धि कर रही हैं।



### 6.2 पेड – पौधारोपण :–

बढते शहरीकरण व उद्योगीकरण के कारण कम होते पेडों व वृक्षों की संख्या से हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है अतः राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने स्कूल, कॉलेज, मंदिर, पार्क, सडक किनारे, फूटपाथ आदि स्थानों पर छायादार व फलदार 25







वृक्ष लगायें। समय समय पर उनके उर्वरक व खाद पानी दिया जाता है जिसमें उनकी वृद्धि जल्दी हो रही है। अब आते जाते मुसाफिर व पशु पक्षी को छाया व आसरा प्रदान कर रहे है।

## 7. केम्पेन व एडवोकेसी :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा समय समय पर जनसमुदाय के लिए विभिन्न सामाजिक मुद्धो पर जन जाग्रती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें संस्थान को विशाल जन भागीदारी देखने को मिलती है।

### 7.1 स्वच्छ भारत अभियान :–

स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने 26 जनवरी को गॉव भॉवता, केसरपुरा, सराधना और राजगढ में विशाल स्तरप पर स्वच्छ अभियान शुरू किया। गॉव में फैली गन्दगी, रूके हुए पानी के गढें को भरा गया, नली व नालों की सफाई, सडकों को साफ व स्वच्छ, स्कूल, मंदिर आदि स्थानों को साफ करने का कार्य स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत किया गया और साथ ही सभी गॉव निवासी को शपथ दिलाई की वह अपने आस पास गंदगी नहीं फैलने देंगे।

### 7.2 Make a Wish :–

इस कार्यक्रम के अर्न्तगत राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने होली के रंगीन उत्सव को गरीब बच्चों के साथ बढे धुम धाम से बनाया। गरीब बच्चों को रंग, गुलाल पीचकारी, मिठाई और खाने पीने से सामान बॉटा गया जिसे पा कर सभी बच्चे खुशी से झुम उठे। इस प्रकार माखुपरा क्षेत्र में रहने वाले कच्ची बस्ती में रहने वाले 25 गरीब बच्चों को होटल में स्वादिष्ट भोजन व खिलौने का भी आयोजन किया गया। बच्चों पेट भर स्वादिष्ट पकवाने का लुफ्त उठाया और खुब आनन्द लिया।

## 8. National & Social Days :–

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान संस्थान समय समय पर आने वाले राष्ट्रीय व सामाजिक दिवसो की बढे उत्साह व उमंग के साथ जन समुदाय के साथ बनाती हैं जो कि निम्न है–

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
Parivartan

## 8.1 26 जनवरी :–



26 जनवरी के उपलक्ष्य में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्राम भांवता, सराधना, केसरपुरा व अजमकेर जिले के बैरवा बस्ती क्षेत्र ध्वजा रोहण का कार्यकम किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों व बडो सहभागिता अहम रही। इस कार्यकम के दौरान कई बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम का प्रदर्शन किया और कार्यकम को सफल बनाया।

## 8.2 वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस :–



20 फरवरी को संस्थान द्वारा महिलाओं को उनके न्यायिक अधिकारी की जानकारी के लिए कार्यकम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में सभी महिलाओं को उनके न्यायिक अधिकार व हक की जानकार दि गई।

## 8.3 Zero discrimination day :–

1 मार्च को आने वाले इस दिवस में संस्थान द्वारा समाज में फैली जात – पात , भेदभाव व अमीरी – गीरबी के अन्तर को मिटाने के लिए संदेश दिया गया।

## 8.4 महिला दिवस :–



8 मार्च महिला दिवस को कार्यकम विशाल स्तर पर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गॉव केसरपुरा में आयोजित किया गया। इस कार्यकम में 200 से अधिक महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस में महिलाओं द्वारा रोल प्ले, नृत्य, गायन, भाषण आदि की प्रदर्शन किया गया। संस्थान द्वारा महिला दिवस में सास बहु सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने उत्साहित हो कर इस कार्यकम को सफल बनाया।

Rajasthan Samgrah Kalyan Sansthan
Vol - 7 # Issue - 1
News Letter
January 2017 to March 2017
Parivartan



### 8.5 वन दिवस :–

21 मार्च को विशाल स्तर पर स्थान द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के लिए वन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल कॉलेज, मंदिर, पार्क, सडक किनारे आदि स्थान पर छायादार वृक्ष व पौधो लगाये जिसमें सभी ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में वन व वन्य जीवों को बचान का संदेश जनसमुदाय को दिया।

### 8.6 अन्तराष्ट्रीय जल दिवस :–

जल कि महत्वता को लोगो को समझाने के लिए 22 मार्च को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने जल दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जल की महत्वता को समझाया और भविष्य के लिए जल को सुरक्षित बनाये रखने का संदेश दिया।

